प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक:-29.07.2021

थाना गौर जनपद बस्ती पुलिस द्वारा ग्राम शिवपुर (टोला-बैरवा) थाना गौर अन्तर्गत हुए महिला के अपहरण से सम्बंधित अपृहिता को सकुशल बरामद कर 02 अभियुक्तों व 02 अभियुक्ताओं को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में जनपद बस्ती में अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हरैया श्री शेषमणि उपाध्याय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक गौर श्री संजय कुमार मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक-27.07.2021 को ग्राम शिवपुर (टोला-बैरवा) थाना गौर अन्तर्गत हुए महिला के अपहरण के सम्बन्ध में थाना गौर जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं 142/2021 धारा 323, 364, 504, 506 IPC से सम्बन्धित अपृहिता को सकुशल बरामद कर आज दिनांक-29.07.2021 को मुखबिर खास की सूचना पर परसा तिराहे से वांछित 02 अभियुक्तों व 02 अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया |

गिरफ्तार अभियुक्तों/अभियुक्ताओं का विवरण-

1. झिनके सिंह उर्फ़ भीमसेन सिंह पुत्र ज्वाला सिंह उम्र 56 वर्ष जंगीपुरवा गैजहवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर(उ0प्र0) |

2. गोलू सिंह उर्फ़ सचिन सिंह पुत्र झिनके सिंह उर्फ़ भीमसेन सिंह उम्र 20 वर्ष जंगीपुरवा गैजहवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर(उ0प्र0) |

3. उर्मिला सिंह उर्फ़ मगुन पुत्री झिनके सिंह उर्फ़ भीमसेन सिंह उम्र 35 वर्ष जंगीपुरवा गैजहवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर(उ0प्र0) |

4. लौंगवास देवी पत्नी झिनके सिंह उर्फ़ भीमसेन सिंह उम्र 54 वर्ष जंगीपुरवा गैजहवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर(उ0प्र0) |

घटना का संछिप्त विवरण-

दिनांक-27.07.2021 को राजेन्द्र सिंह स्व0 जयमंगल सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट शिवपुर टोला बैरवा थाना गौर जनपद बस्ती द्वारा थाना गौर पर लिखित प्रार्थना-पत्र दिया कि मैं अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था कि सुबह समय लगभग 04:30 बजे मेरे सगे बहनोई झिनके सिंह, गोलू सिंह (झिनके सिंह का बेटा), उर्मिला सिंह (झिनके सिंह की बेटी) व सगुन सिंह मय चालक स्कॉर्पियो गाड़ी से आये और मेरे भाभी सुनीता सिंह पत्नी स्व0 लालता सिंह को मार-पीट कर जबर्दस्ती गाड़ी में लाद कर लेकर चले गए, जिसका विरोध करने पर मुझे पार-पीट कर कमरे में बंद कर दिए |

जिसके सम्बन्ध में थाना गौर जनपद बस्ती पर मु0अ0सं 142/2021 धारा 323, 364, 504, 506 IPC पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए आज दिनांक-29.07.2021 को मुखबिर ख़ास कि सूचना पर थाना गौर जनपद बस्ती पुलिस द्वारा थाना गौर जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं 142/2021 धारा 323, 364 IPC से सम्बंधित वांछित 02 अभियुक्तों व 02 अभियुक्ताओं को परसा तिराहे से गिरफ्तार किया गया |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक गौर श्री संजय कुमार जनपद बस्ती |
2. उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री कमलेश गौंड, उ0नि0 श्री योगेन्द्र कुमार थाना गौर जनपद बस्ती |
3. म0आ0 संध्या गुप्ता, म0आ0 पूजा राज थाना गौर जनपद बस्ती |
4. आरक्षी गोविन्द कुमार, आरक्षी प्रिंस यादव, आरक्षी उमेश यादव थाना गौर जनपद बस्ती |